| प्रथम सत्र (2023 -24) के लिए पाठ्यक्रम |
| --- |
| विषय- हिंदी (कक्षा III) |

## शिक्षकों के लिए सुझाव

– खेल आधारित, गतिविधि आधारित व समूह आधारित शिक्षण विधियों का प्रयोग करें। गतिविधियों में विद्यार्थियों को एक दूसरे से सीखने के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हों।

– भाषा शिक्षण के लिए कक्षा लाइब्रेरी, समाचार-पत्र, वीडियो और आडियो रिकार्डिंग आदि का भी प्रयोग करें । बच्चों को सिर्फ़ किताबों तक ही सीमित ना रखा जाए।

– भाषा के चारों कौशलों (श्रवण कौशल, वाचन कौशल, पठन कौशल और लेखन कौशल) को बराबर महत्व दें। बच्चों को ऐसी गतिविधियाँ करवाई जाएँ जिनसे सभी कौशलों का विकास हो सके।

– जब आप कोई भी पाठ बच्चों को पढ़ा रहे हो तो उसके पाठ के लेखक और प्रयोग की गई साहित्य की विधा के बारे में भी बच्चों को ज़रूर बताएँ।

– व्याकरण भाषा शिक्षण का अभिन्न अंग है व्याकरण बच्चों को रटाया ना जाए। व्याकरण के व्यवहारिक स्वरूप पर अधिक बल दें।

| प्रथम सत्र (2023 -24) के लिए पाठ्यक्रम | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा III | | | | | | |
| विषय- हिंदी | | | | | | |
| **क्रम संख्या** | **पाठ संख्या** | **पाठ का नाम** | **सीखने के प्रतिफल** | **कक्षा 1 और 2 से पाठ्यक्रम का मिलान** | **टिप्पणी कौशल** | **पाठ के लिए सुझाई गई गतिविधियाँ** |
| सत्र 1 | | | | | | |
| 1 | 2 | शेखीबाज मक्खी | सुनी हुई रचनाओं की विषय वस्तु, घटनाओं, पात्रो, शीर्षक आदि के बारे में बातचीत करते हैं, प्रश्न पूछते हैं, अपनी प्रतिक्रिया देते हैं, राय बताते हैं/ अपने तरीके से (कहानी/ कविता आदि) अपनी भाषा में व्यक्त करते हैं | वचन बदलो, नाम वाले शब्द | वाचन व श्रवण कौशल - विद्यार्थी शेखी बघारते हुए अपना कोई अनुभव साझा करे \| सस्वर व मूक वाचन<br>पठन कौशल- विद्यार्थियों को पाठ से संबंधित कोई गद्यांश पढ़ने के लिए दीजिए और सरल प्रश्न-उत्तर पूछिए<br><br>लेखन कौशल- संवाद लेखन,सुलेख, कीट पतंगों के नाम<br>व्याकरण- श्रुतलेख, संज्ञा | बच्चे के आस -पास पाए \| जाने वाले कीट पतंगों के नाम, पृष्ठ संख्या-14 में (रास्ता ढूँदो )<br><br>शेर, हाथी, मक्खी, का मुखौटा बनाओ |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | मन करता है | कहानी , कविता आदि को उपयुक्त उतार-चढ़ाव गति, प्रवाह और सही पुट के साथ सुनाते हैं | अनुनासिक ध्वनि की पहचान | वाचन व श्रवण कौशल - सस्वर वाचन<br>पठन कौशल- विद्यार्थियों को पाठ से संबंधित कोई पद्यांश पढ़ने के लिए दीजिए और सरल प्रश्न-उत्तर पूछिए ।<br><br>लेखन कौशल- बच्चा बड़ा होकर क्या बनना चाहता है विषय पर कुछ पंक्तियां लिखना<br>व्याकरण- अनुस्वार और अनुनासिक शब्दों का चयन, कविता में से संज्ञा वाले शब्द छाँटना, क्रिया | पतंग बनाकर उसे सजाना,<br><br>अलग-अलग तरह की मूछे बनाकर अपने. मुँहँ पर लगाकर देखे, |
| 3 | 4 | बहादुर बित्तो | अलग-अलग तरह की रचनाओं में आए नए शब्दों को संदर्भ में समझ कर उनका अर्थ सुनिश्चित करते हैं | लिंग बदलो, नाम वाले शब्द | वाचन व श्रवण कौशल - सस्वर व मूक वाचन,<br>'किसान खेतों में क्या क्या काम करते हैं' इस विषय पर चर्चा<br>पठन कौशल- विद्यार्थियों को पाठ से संबंधित कोई गद्यांश पढ़ने के लिए दीजिए और सरल प्रश्न-उत्तर पूछिए<br><br>लेखन कौशल- सुलेख, श्रुतलेख, चित्र वर्णन, दिए गए शब्दों की सहायता से कहानी लिखना<br>व्याकरण- लिंग बदलो, नाम वाले शब्द, नुक्ते वाले शब्द, विशेषण | भूमिका निर्वहन,<br>दैनिक जीवन में प्रयोग होने वाले औजारों की पहचान<br>'अगर आप बित्तो की जगह होते तो क्या करते' इस विषय पर चर्चा |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | टिपटिपवा | तरह तरह की कहानियों/ रचनाओं की भाषा की बारीकियाँ (जैसे शब्दों की पुनरावृति, संज्ञा, सर्वनाम, विभिन्न विराम चिन्हों का प्रयोग आदि) की पहचान और प्रयोग करते हैं | वचन, वर्ण एवं शब्द पहचान | वाचन व श्रवण कौशल - सस्वर व मूक वाचन, वर्षा /जंगल आदि जैसे विषयों पर माइन्ड मैपिंग<br>पठन कौशल- अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देना<br>लेखन कौशल- सुलेख, श्रुतलेख, आवाज़ वाले शब्द, बच्चे कहानी को पढ़कर अपने शब्दों में लिखेंगे,<br>बच्चा अपने पसंद के जानवर के बारे में अनुच्छेद लिखेंगे<br>व्याकरण-, वचन बदलो, वर्णों से सार्थक शब्द बनाना, सर्वनाम | बाघ का मुखौटा बनाना, विभिन्न जानवरों की आवाज निकालना, बारिश का दृश्य बनाकर रंग भरना, वर्णों से सार्थक शब्द बनाना |
| **सत्र** 2 | | | | | | |
| 5 | 8 | कब आऊँ | कही जा रही बात, कहानी, कविता आदि को ध्यान से समझते हुए सुनते हैं और अपनी प्रतिक्रिया देते हैं | मुहावरे, भाववाचक संज्ञा | वाचन व श्रवण कौशल - सस्वर व मूक वाचन, दिए गए शब्दों से कहानी बनाना<br>पठन कौशल- अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देना<br>लेखन कौशल- सुलेख, श्रुतलेख,<br>व्याकरण- मुहावरे और कहावतें, श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द, समानार्थी शब्द | चार्ट पर दिनों के नाम लिखना, चित्र को देखकर मुहावरे या कहावत लिखना |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 11 | जब मुझे साँप ने काटा | विभिन्न उद्देश्यों के लिए लिखते हुए, अपने शब्दों में लेखन के चुनाव, वाक्य-संरचना लेखन के स्वरूप( जैसे- दोस्त को पत्र लिखना, पत्रिका के संपादक को पत्र लिखना) को लेकर निर्णय लेते हुए लिखते हैं | जानवरों के नामों की वर्तनी, श्रुतलेख | <u>वाचन व श्रवण कौशल -</u>सस्वर व मूक वाचन<br>'तुम क्या करोगे अगर तुम्हें ______' ( पृष्ठ संख्या 108)<br><u>पठन कौशल-</u> अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देना, पृष्ठ 111 पर दी गई जानकारी पढ़ना और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देना<br><u>लेखन कौशल-</u> सुलेख, श्रुतलेख, विभिन्न विषयों पर अनौपचारिक पत्र लेखन ( उदाहरण स्वरूप पृष्ठ संख्या 112, 113)<br>व्याकरण- द्विरुक्ति शब्द जैसे बार-बार,पीछे-पीछे, विराम चिन्ह | कागज़ से साँप बनाना,<br>दिए गए शब्दों में से घर से संबधित शब्द खोजना, |
| 7 | 13 | मिर्च का मजा | अपने आसपास होने वाली गतिविधियों/ घटनाओं और विभिन्न परिस्थितियों में अपने साथ हुए घटनाओं के बारे में बात करते हैं, बातचीत करते हैं और प्रश्न पूछते हैं | शब्द पठन, शब्दों की श्रुतलेख, खाने- पीने की चीजों की पहचान | <u>वाचन व श्रवण कौशल</u> - सस्वर व मूक वाचन, संकेतों द्वारा अपनी बात समझाना (पृष्ठ संख्या 116)<br><u>पठन कौशल-</u> - विद्यार्थियों को पाठ से संबंधित कोई पद्यांश पढ़ने के लिए दीजिए और सरल प्रश्न-उत्तर पूछिए ।<br><u>लेखन कौशल-</u> सुलेख, श्रुतलेख, अपने मन से बनाकर कविता बनाकर लिखना, खाने पीने की चीजों के नाम लिखना<br><u>व्याकरण</u>- अनुनासिक शब्द, पर्यायवाची शब्द, श्रुतिसम शब्द (पृष्ठ संख्या 117) | संकेतों द्वारा अपनी बात समझाना (पृष्ठ संख्या 116),<br>घर में अपने बड़ों से सिक्कों के बारे में जानिए<br>पत्तों या सिक्कों की छाप लेना |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 14 | सबसे अच्छा पेड़ | कहानी, कविता अथवा अन्य सामग्री को समझते हुए उसमें अपनी कहानी/ बात जोड़ते हैं | शब्द निर्माण | वाचन व श्रवण कौशल - सस्वर व मूक वाचन, 'आप अपने बगीचे में कौन कौन से पेड़ लगाना चाहोगे और क्यों' इस विषय पर चर्चा<br>पठन कौशल- अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देना<br>लेखन कौशल- सुलेख, श्रुतलेख, 'सबसे अच्छा पेड़' विषय पर अनुच्छेद | पेड़ों से प्राप्त होने वाली वस्तुओं के नाम व चित्र, विभिन्न पत्तों के उपयोग पर चर्चा, बगीचे का भ्रमण कर अपने मनपसंद पेड़ का चित्र बनाना व वाक्य लिखना |